**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 07.10.2023** **समय 18.30**

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा– बिहार की तर्ज पर राजस्थान में भी जातीय सर्वे कराया जाएगा।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में घोषित जन कल्याण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।**
- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने किसानों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके कल्याण के लिये काम करने को कहा।**
- **चीन के हांगचोओ में एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण सहित 107 पदक जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया।**

0000

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि बिहार की तर्ज पर राजस्थान में भी जातीय सर्वे कराया जायेगा। इसके लिए जल्द ही आदेश जारी किये जायेंगे। आज जयपुर के सीतापुरा में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में श्री गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर के अधिवेशन में इसके बारे में निर्णय किया था, उसी को आगे बढाया जा रहा है। इस सर्वे से परिवारों की आर्थिक स्थिति का पता चल जायेगा।

....................

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने कल रात भी जयपुर में कांग्रेस वार रूम में हुई बैठक के बाद प्रदेश में जातीय सर्वे कराये जाने की बात कही थी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से दिये गए भाषण में की गई घोषणाओं की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में बैठक की। स्वतंत्रता दिवस के भाषण में, श्री मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए आवास उपलब्ध कराने के लिए किफायती ऋण सुनिश्चित करने का जिक्र किया था। बैठक में उन्होंने इस घोषणा को लागू करने के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में घरों के लिए सौर ऊर्जा सुनिश्चित करने का भी उल्लेख किया था। बैठक में इसकी तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज 'राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड' के केंद्रीय राज्य फार्म, सूरतगढ़ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने 'राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना' के अंतर्गत आयोजित कृषक संगोष्ठी' को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने राजस्थान में उनकी यात्राओं पर उठे सवालों पर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यात्राएँ मुख्यतः कृषि संबंधी संस्थानों और किसानों के विकास और उन्नति से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है और उनका हित साधना हम सबका कर्तव्य है। कृषि में बदलावों की बात करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि भारत के किसान को कृषि सम्बंधित तकनीक का पूरा फायदा उठाना चाहिए ताकि उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार हो सके। उन्होंने कहा की तकनीक न केवल उत्पादन के क्षेत्र में, बल्कि निर्यात, आयात, और विपणन के क्षेत्र में भी किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी और सांसद निहालचंद भी मौजूद थे। इससे पहले उपराष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी में श्री जाहरपीर गोगाजी के दर्शन किये।

000

बाद में जोधपुर के केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान –काजरी में कृषि वैज्ञानिकों और किसानों से संवाद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश में परम्परागत खेती के साथ–साथ आधुनिक तरीको को अपनाये जाने की जरूरत है। श्री धनखड ने किसानों और वैज्ञानिकों से कृषि विषयों, नवाचारों पर चर्चा करते कहा कि आज देश के वैज्ञानिकों ने कृषि के क्षेत्र में जो नवाचार किए हैं, वो धरातल तक पहुंचने से ही किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

000

प्रदेश के नवगठित जिले अनूपगढ़ में खाजूवाला और छत्तरगढ़ तहसीलों को शामिल करने के लगातार विरोध के बाद सरकार ने अपना फैसला बदल दिया है। अब खाजूवाला और छत्तरगढ़ तहसीलों को अनूपगढ़ से हटाकर फिर से बीकानेर जिले में शामिल कर दिया गया है। राजस्व विभाग ने अनूपगढ़ और बीकानेर जिलों के नए सिरे से सीमांकन की अधिसूचना जारी कर दी है। नए सिरे से सीमांकन के बाद अब खाजूवाला और छत्तरगढ़ बीकानेर जिले में शामिल कर लिए गए हैं। अनूपगढ़ जिले में अब 4 उपखंड और 5 तहसीलें रह गई हैं। बीकानेर जिले में अब 7 उपखंड और 9 तहसीलें हो गई हैं।

000

इन्दिरा गांधी परियोजना से इस बार काश्तकारों को आठ बार पानी दिया जाएगा। सिंचित क्षेत्र विकास, आयुक्त कार्यालय ने रेगुलेशन जारी कर दिया है। अधीक्षण अभियंता विवेक गोयल के अनुसार आज से नहर से पानी देना शुरू किया गया है। 14 दिसम्बर तक 4 में से 2 समूहों में पानी दिया जाएगा। इसी तरह 14 दिसम्बर से 28फरवरी 2024 तक नहरों में 3

में से 1 समूह में पानी चलाया जाएगा। इसी तरह 16 मार्च तक नहरों में 4 में से 2 समूहों में सिंचाई पानी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पानी वितरण की प्रभावी ढंग से मॉनिटरिंग करने के लिए टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है।

000

चीन के हांगचोओ में एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण सहित 107 पदक जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत ने पहली बार पदकों का शतक लगाया है। कंपांउड तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवतले ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महिला कबड्डी टीम भी स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। महिला कब्डी के फाइनल में भारत ने चीनी ताइपे को हराकर देश के लिए एक सौ वां पदक जीता। भारतीय महिलाओं ने लगातार चौथी बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इसी तरह पुरुष क्रिकेट में भारत को स्वर्ण पदक मिल गया है। वर्षा के कारण बाधित फाइनल मैच में भारत ने अफगानिस्तान को वरीयता के आधार पर हरा दिया। पुरूषों की कबड्डी के फाइनल में भारत ने ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। बैडमिंटन के पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। तीरंदाजी में पुरुष कंपाउंड मुकाबले में अभिषेक वर्मा ने रजत पदक जीता। महिला कंपाउंड तीरंदाजी के सिंगल्स में अदिति ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की फ्री स्टाइल कुश्ती के 86 किलो भार वर्ग में दीपक पूनिया को रजत पदक मिला है। महिला हॉकी में भारत ने जापान को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है और यह अब तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 19वें एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सौ पदक जीतने पर भारतीय एथलीटों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। श्री ठाकुर ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि ये एथलीट भावी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा–स्त्रोत बनेंगे।

...............

एशियाई खेलों में सौवां पदक जीतने वाली महिला कबड्डी टीम में 4 खिलाड़ी राजस्थान से हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कबड्डी खिलाड़ी निधि शर्मा, सुषमा शर्मा, साक्षी कुमारी और मुस्कान मलिक को टीम द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है। पुलिस महानिदेशक ने गोला फेंक में कांस्य पदक जीतने पर एसआई किरण बालियान को भी शुभकानाएं दी हैं। श्री मिश्रा ने पुरूष कबड्डी टीम में शामिल एसआई सचिन तंवर को भी बधाई दी है।

000

स्वच्छता ही सेवा के तहत आज सीमा सुरक्षा बल राजस्थान फ्रंटियर मुख्यालय जोधपुर के विभिन्न कार्यालयों में साफ–सफाई की गई। इस अभियान में फ्रंटियर मुख्यालय जोधपुर के अधिकारियों और जवानों ने हिस्सा लिया। राजस्थान फ्रंटियर के अन्तर्गत आने वाले सीमावर्ती ज़िले श्रीगंगानगर, अनूपगढ, बीकानेर और जैसलमेर में स्थित क्षेत्रीय मुख्यालयों और बटालियन मुख्यालयों द्वारा भी कार्यालयों में साफ–सफाई की गयी और पुरानी फाईलों को जलाकर निपटारा किया गया।

000

जैसलमेर के पोकरण में एक ट्रेलर और जीप की टक्कर में चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। ये सभी लोग जीप में सवार थे। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। पोकरण के फलसूंड के मदुरासर गांव के पास यह सड़क हादसा हुआ। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रुप से घायल एक व्यक्ति को फलसूंड के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। एक अन्य दुर्घटना में बांसवाडा जिले के बोरदा बावनपाडा सड़क मार्ग पर डम्पर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक महिला और उसके ढाई साल के बच्चे की मृत्यु हो गई।

000

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर तीर्थ में नगरपालिका ने सरोवर क्षेत्र में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर रोक लगा दी है। इसका उल्लंघन करने पर जुर्माना देना होगा। नगरपालिका बोर्ड की साधारण सभा में ये फैसला किया गया। पालिका के 25 वार्डो की सीमा में मांस, मदिरा और मादक पदार्थों के उपयोग और बिक्री पर भी रोक रहेगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सरोवर में स्नान के दौरान साबुन और शैंपू का इस्तेमाल करने तथा गंदगी फैलाने वालों पर भी दो हजार रूपये तक का जुर्माना लगाने का फैसला किया गया।

000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए कक्षा नवी और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की ऑनलाइन पंजीयन की तारीख 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। बोर्ड के अजमेर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा संगम लिंक पर विद्यार्थियों का पंजीयन कर सकते हैं। बोर्ड ने स्कूलों को सावचेत किया है कि विद्यार्थी के विषय का विवरण भरते समय सावधानी बरतें,क्योंकि पंजीयन होने के बाद विषय में सुधार नहीं किया जा सकेगा।

000